निवेश प्रस्तावों के लिए ऑनलाइन प्रबंधन प्रणाली जल्द होगी विकसित

इन्वेस्ट यूपी के सीईओ ने की समीक्षा, अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

लखनऊ। इन्वेस्ट यूपी के नए सीईओ और सचिव, औद्योगिक विकास अभिषेक प्रकाश ने कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने यूपी को भारत की नंबर एक अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने के लिए सीएम के दृष्टिकोण के आधार पर काम करने पर जोर दिया। निवेश परियोजनाओं को अनुमोदन देने के लिए नई ऑनलाइन प्रोत्साहन लाभ प्रबंधन प्रणाली के विकास में तेजी लाने के निर्देश दिए। उद्यमियों के सवालों के समाधान के लिए एक वन स्टॉप पोर्टल विकसित और एकीकृत किया जाएगा। साथ ही निवेश प्रस्तावों की मासिक समीक्षा के निर्देश भी दिए।

अभिषेक प्रकाश ने कहा कि उद्यमियों के बीच राज्य के प्रति विश्वास बढ़ाने और आम नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए सभी प्रयास किए जाने चाहिए। कारोबारी सुगमता में प्रथम स्थान पर प्रदेश को लाने के लिए सभी प्रयास किए जाने चाहिए। इन्वेस्ट यूपी के एसीईओ प्रथमेश कुमार ने बताया कि भारत सरकार के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग की ओर से विभिन्न सेवाओं को प्राप्त करने के लिए व्यवसायों और नागरिकों पर अनुपालन भार कम करने के उद्देश्य से अनावश्यक कानूनों को सरल बनाने या हटाने के लिए कार्यवाही की जा रही है। प्रदेश में भी इसी दिशा में तेजी से काम हो रहा है। ब्यूरो